Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-05-2006

Participants : Munshiram Shri

>

Title : Need to formulate a system for providing relief to the beneficiaries of Antyodya Yojna direct through Banks particularly in Bijnore district, Uttar Pradesh.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : महोदय, भारत सरकार द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले एवं अन्त्योदय योजना के अंतर्गत दिया जाने वाला अनुदान केरोसिन, गेहूं, चावल जिसका 75 प्रतिशत अनियमिताओं के कारण गरीब जनता को नहीं पहुंचता है। मैं पूर्व में भी कह चुका हूं कि यह अनुदान ऐसे गरीबों को सीधा बैंक के माध्यम से गरीबी भत्ते के रूप में दिया जाये जिससे पात्र लोगों को सरकारी अनुदान प्राप्त हो सके। सरकार पूरे देश में भले ही इस योजना को लागू न करें लेकिन मेरे जिला बिजनौर में केरोसिन, गेहूं, चावल का जो अनुदान दिया जा रहा है उसे सीधा गरीबी भत्ते के रूप में बैंक के माध्यम से दिया जाये।